

# इरफान पठान ने शेयर किया टिकटॉक पर भाई यूसुफ पठान संग वीडियो

**हर घर को मस्जिद में तब्दील करें**

35 वर्षीय इरफान पठान ने इससे पहले वीडियो शेयर कर एक संदेश दिया था जिसमें वह कहते हैं, ये ना सोचो कि आपको मस्जिदों में जाने से मना किया गया है, बल्कि यह सोचो कि हर घर को मस्जिद में तब्दील करने को कहा गया है। हमारी तरह हमारे घर भी गुनहगार हो चुके हैं। आओ घरों को साफ करते हैं। कुछ देर घर में ही नमाज पढ़ते हैं।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चीन से फैले कोरोना वायरस के कारण उससे बचाव के तौर पर ज्यादातर खिलाड़ी अपने घर पर ही समय बिता रहे हैं। पूरे भारत में फिलहाल 14 अप्रैल तक लॉकडाउन घोषित है और ऐसे में लोगों के जनजीवन पर भी इसका असर पड़ा है। ऐसे में पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान टिकटॉक पर वीडियो अपलोड कर फैंस के लिए शेयर कर रहे हैं। इरफान ने जो नया वीडियो अपलोड किया है, उसमें वह अपने भाई यूसुफ पठान के साथ तिरंगा फिल्म का डायलॉग बोलते नजर आ रहे हैं। इरफान के भाई युसूफ मशहूर ऐक्टर राजकुमार का डायलॉग बोल रहे हैं।

वीडियो में इरफान के भाई यूसुफ राजकुमार का फेमस डायलॉग बोलते हैं, ना तलवार की धार से, ना गोलियों की बौछार से.. बंदा डरता है तो केवल परवर दिगार से। करियर में 29 टेस्ट मैच खेल चुके इरफान ने 1105 रन बनाए और 100 विकेट भी झटके। वहीं, 120 वनडे में उनके नाम 1544 रन और 173 विकेट हैं।

# लॉकडाउन खत्म होने के बाद क्या करेंगे युजवेंद्र चहल

**क्रिकेट**

## जब कोरोना वायरस का लॉकडाउन खत्म होगा तो मैं घर ही नहीं जाऊंगा

टिकटॉक पर भी चहल करते रहते हैं मजाकिया वीडियो पोस्ट



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। टीम इंडिया के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल कोरोना वायरस लॉकडाउन के चलते घर में बंद हैं। हालांकि इस दौरान वह सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव हैं।


हाल ही के दिनों में वह इंस्टाग्राम लाव चौट में रोहित शर्मा के साथ बात कर रहे थे और साथ ही टिकटॉक पर भी वह मजाकिया वीडियो पोस्ट करते रहते हैं। चहल हालांकि लॉकडाउन में हैं लेकिन उनका मजाकिया अंदाज कायम है। उन्होंने एक शो में कहा, मैं अपने घर से लॉकडाउन हो जाऊंगा। मैं घर लौटकर नहीं आऊंगा। मैं और बर्दाश्त नहीं कर सकता, घर पर और नहीं रह सकता। इन दिनों मैं जितना वक्त घर पर रह लिया हूं यह अगले तीन साल के लिए काफी है। चहल ने कहा, मैं पास के होटल में रह लूंगा लेकिन घर नहीं आऊंगा। मेरे लिए इतना काफी है। मैं लॉकडाउन के दिनों को और बर्दाश्त नहीं कर सकता। उन्होंने कहा जिस दिन भी लॉकडाउन हटेगा वह मैदान पर जाएंगे और वहां कम से कम एक गेंद जरूर फेंकेंगे। उन्होंने कहा, श्मैं ग्राउंड पर जाऊंगा। मैं सही मायनों में बोलिंग करना चाहता हूं। जब बहुत क्रिकेट होता है तो हम कहते हैं बहुत ज्यादा मैच हो रहे हैं लेकिन अब कोई ऐक्शन नहीं है तो हम उसे मिस कर रहे हैं। मैं गेंदबाजी मिस कर रहा हूं। मैं आज जो भी हूं सिर्फ क्रिकेट की वजह से हूं। जिस दिन लॉकडाउन खत्म होगा मैं बेशक मैदान पर जाकर बोलिंग करूंगा, भले ही एक गेंद फेंकूं।

जब उनसे पूछा गया कि वह किसे अपना लॉकडाउन पार्टनर बनाएंगे तो उन्होंने दो नाम– रोहित शर्मा और अपने बोलिंग पार्टनर कुलदीप यादव का नाम लिया। उन्होंने कहा, रोहित शर्मा और कुलदीप हों तो मुझे चाहे एक महीने के लिए लॉकडाउन कर दें।

उन्होंने यह भी कहा कि वह जसप्रीत बुमराह के साथ लॉकडाउन नहीं होना चाहेंगे। मुंबई इंडियंस की ओर से खेलने वाले चहल ने कहा, बोलता ही नहीं है कुछ। उसका यॉर्कर मारने का मन हुआ और उसने लोटा मार दिया तो कर लूंगा।

# सड़कों पर बिना मास्क के साइकल चला रहे हैं अख्तर, हुए ट्रोल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर आजकल खूब चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर उनके बयान खूब चर्चा बटोर रहे हैं। उनके बयानों के लिए उन्हें काफी ट्रोल भी किया जा रहा है।

अख्तर ने शुक्रवार रात को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया जिसके बाद लोग उन्हें ट्रोल करने लगे। इस वीडियो में वह में पाकिस्तान की राजध ानी इस्लामाबाद की सड़कों पर साइकल चला रहे हैं। वह इस वीडियो में उन्होंने मास्क और हेलमेट भी नहीं पहन रखा है।

अख्तर इस वीडियो में इस्लामाबाद की तारीफ कर रहे हैं और यहां की इमारतों के बारे में बता रहे हैं।

लोग इस पर अख्तर को ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि शोएब भाई आपको लॉकडाउन का पालन करना चाहिए, अगर आप ही इसका पालन नहीं करेंगे तो बाकी लोग कैसे करेंगे। एक यूजर ने कहा आपको उदाहरण सेट करना चाहिए।

अख्तर ने कोविड–19 के खिलाफ जंग के लिए फंड इक्ट्ठा करने के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का प्रस्ताव भी दिया था। उन्होंने कहा कि इससे काफी फंड इकट्ठा होगा और दोनों देशों की काफी मदद होगी।

इस पर कपिल देव ने कहा था कि भारत को पैसे की जरूरत नहीं है। इसके अलावा अख्तर ने कहा था कि अगर भारत पाकिस्तान को 10 हजार वेंटिलेटर दे दे तो पाकिस्तान इस बात को कभी नहीं भूलेगा। इस बयान के बाद उनकी बहुत आलोचना हुई थी।

## गोल्फ टूर्नामेंट रद्द होने से कैडीज के सामने आजीविका का संकट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस के कारण देशव्यापी लॉकडाउन के चलते पेशेवर गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) टूर्नामेंट रद्द होने और गोल्फ कोर्स बंद होने से दिहाड़ी पर काम कर रहे सैकड़ों कैडीज के सामने आजीविका का संकट पैदा हो गया है। कोविड – 19 से दुनिया भर में खेल टूर्नामेंट या तो रद्द हो गए हैं या स्थगित कर दिए गए हैं जिसमें गोल्फ भी शामिल है।

दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में करीब 2500 से 3000 कैडी रहते हैं जिनमें अधिकांश प्रवासी है। कई नियमित कैडी है तो कई पार्ट टाइम काम करते हैं। दो बार एशियाई टूर के विजेता गोल्फर रशीद खान का मानना है कि अगर हालात में सुधार नहीं आया तो सबसे ज्यादा गाज कैडीज पर गिरेगी। उन्होंने कहा, 'इस लॉकडाउन का कैडीज पर बुरा असर पड़ा है। वे रोज कमाते हैं ओर अब उनकी कमाई बंद हो गई है। उन्हें परिवार पालने हैं, किराया देना है और हालात नहीं सुधरने पर उनके लिए काफी कठिन हो जाएगा।' रशीद, चंडीगढ के अक्षय शर्मा और 2015 जूनियर विश्व गोल्फ चैंपियन शुभम जगलान के कैडी रहे मंटू ने कहा कि हालात सामान्य नहीं होने पर 95 प्रतिशत कैडीज पर असर पड़ेगा।

## न्यूज डायरी



### फाफ डु प्लेसिस के घर आने वाला है नन्हा मेहमान, शेयर की पत्नी की तस्वीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाजों में शुमार फाफ डु प्लेसिस के घर नन्हा मेहमान आने वाला है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी पत्नी की तस्वीर शेयर कर इस खुशखबरी के बारे में बताया। डु प्लेसिस ने इंस्टाग्राम पर अपनी पत्नी की एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा, दुनिया में सबसे अच्छी चीज– परिवार। आपको और दूसरे नंबर (बच्चा) को देखने के लिए इंतजार। इससे पहले आईपीएल टीम चेन्नै सुपर किंग्स ने शुक्रवार को एक वीडियो क्लिप शेयर किया। 67 सेकंड के इस क्लिप में दिग्गज बल्लेबाज फाफ डु प्लेसिस अलग–अलग तरह की एक्सरसाइज करते दिख रहे हैं। 35 वर्षीय डु प्लेसिस ने टेस्ट में 3901, वनडे में 5507 रन और टी20 इंटरनैशनल में कुल 1407 रन बनाए हैं।

### भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज हारना कोचिंग करियर का सबसे खराब पल: लैंगर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। भारत के खिलाफ घरेलू श्रृंखला मे मिली अभूतपूर्व हार ऑस्ट्रेलियाई कोच जस्टिन लैंगर के लिए 'खतरे की घंटी' रही और उनका मानना है कि वह सीरीज उनके कोचिंग करियर का निर्णायक दौर भी रही। लैंगर को मई 2018 में ऑस्ट्रेलिया का कोच बनाया गया था। उसी समय कप्तान स्टीव स्मिथ और उपकप्तान जस्टिन लैंगर गेंद से छेड़खानी मामले में प्रतिबंधित हो गए थे।

अपने स्टार बल्लेबाजों के बिना ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत के सामने टिक नहीं सकी। लैंगर ने ऑस्ट्रेलियाई असोसिएट प्रेस को एक पॉडकास्ट में कहा, 'यह खतरे की घंटी थी और मेरे जीवन का कठिन दौर।'

उन्होंने कहा, 'मुझे इसमें कोई शक नहीं कि दस साल बाद जब मैं अपने कोचिंग करियर की समीक्षा करूंगा तो वह सीरीज निर्णायक साबित होगी।'

उन्होंने अपने करियर के एक और कठिन दौर का जिक्र किया जब 2001 एशेज श्रृंखला में उन्हें टीम से निकाल दिया गया था।

### अश्विन और नाथन लियोन में बेहतर ऑफ स्पिनर कौन? हॉग ने दिया जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की गिनती दुनिया के स्टार स्पिनरों में की जाती है। अब उनकी तुलना ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन से भी होने लगी है। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर ब्रैड हॉग का मानना है कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर नाथन लियोन खेल के सबसे लंबे फॉर्मेट में भारत के रविचंद्रन अश्विन से बेहतर ऑफ स्पिनर हैं।

सोशल मीडिया पर फैंस के साथ सवाल–जवाब सेशन के दौरान, एक प्रशंसक ने हॉग से पूछा कि अश्विन और लियोन के बीच बेहतर ऑफ स्पिनर कौन है। हॉग ने कहा कि लियोन मेरे लिए अच्छे हैं क्योंकि 32 साल के इस क्रिकेटर ने पिछले साल अपने प्रदर्शन में काफी सुधार किया है। ऑस्ट्रेलिया के लिए 7 टेस्ट और 123 वनडे खेलने वाले हॉग ने ट्वीट किया, श्मेरा मानना है कि लियोन ने पिछले साल की तुलना में अश्विन से सर्वश्रेष्ठ ऑफ स्पिनर के रूप में अपना सिक्का जमाया है, लेकिन मुझे खुशी भी है कि दोनों अपने खेल में सुधार करते रहे हैं और जहां वे हैं, उससे शिकायत भी नहीं है।

### केन्याई धावक किपचोगे बोले, चोट मुक्त रहने के लिए जारी रखें ट्रेनिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नैरोबी। रियो ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट केन्या के दिग्गज धावक इलियुड किपचोगे ने कहा है कि चोट मुक्त रहने के लिए आइसोलेशन के दौरान भी वह अपना ट्रेनिंग जारी रखे हुए हैं। विश्व मैराथन के रेकॉर्डधारी किपचोगे को इस साल जुलाई–अगस्त में तोक्यो ओलिंपिक में अपने खिताब का बचाव करना था। इससे पहले उन्हें 26 अप्रैल को होने वाली लंदन मैराथन में भी भाग लेना था। चीन से फैले घातक कोरोना वायरस के कारण ओलिंपिक खेलों को एक साल के लिए और लंदन मैराथन को चार अक्टूबर तक के लिए स्थगित किया जा चुका है। चार बार प्रतिष्ठित लंदन मैराथन का खिताब जीत चुके किपचोगे ने ऐथलीटों से अपनी ट्रेनिंग नहीं बंद करने का अनुरोध किया है। किपचोगे ने कहा, 'आप जो भी करते थे, उसका ट्रेनिंग करते रहिए। मेरे पास हर समय एक फिजियो होता है।